संख्या- 17/2016/1483/49-3-2016-218/2004

प्रेषक,

राहुल भटनागर,
मुख्य सचिव,
उ0प्र0शासन।

सेवा में,

चेयरमैन,
कोल इण्डिया लिमिटेड, कोल भवन,
चेयरमैन सेक्रेटेरियट(पॉचवा तल),
परिसर नं0-04, एम0ए0आर0, प्लाट नं0-ए0एफ0-।।।,
एक्शन एरिया-1 ए0,
न्यू टाउन, राजरहाट, कोलकाता-7001565.

सहकारिता अनुभाग-3 लखनऊ : दिनांकः 28सितम्बर, 2016

विषय- वित्तीय वर्ष 2016-17 व 2017-18 हेतु राज्य सरकार की नोडल एजेन्सी पी0सी0एफ0 को कोयला आपूर्ति हेतु पी0सी0एफ0 से एफ0एस0ए0 कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपको पृष्ठांकित प्रबन्ध निदेशक, पी0सी0एफ0 के पत्र संख्या-पीसीएफ/कोल /2016-17/8579, दिनांक 18-7-2016 एवं उसके संलग्नकों की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सहकारिता अनुभाग-3 के निर्गत शासनादेश सं0 1163/49-3-2014-218/2004, दिनांक 30-9-2014 (प्रति संलग्न) में दी गई व्यवस्था के क्रम में वर्ष 2016-17 व 2017-18 में उ0प्र0 राज्य के लिए 100 प्रतिशत आवंटित कोयले में से 60प्रतिशत कोयले की आपूर्ति राज्य सरकार की नोडल एजेन्सी पी0सी0एफ0 से कराने हेतु कोल इण्डिया लि0 की सब्जिडियरी कम्पनी एस0ई0सी0एल0 को पृथक करते हुए सी0सी0एल0 एवं अन्य कोल कम्पनियों से एफ0एस0ए0 कराने के निर्देश जारी करने हेतु कोयला मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली को अग्रसारित करने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

राहुल भटनागर
मुख्य सचिव ।

संख्या- 17/2016/1483(1)/49-3-2016, तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :--

1- सचिव, कोल मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
2- डायरेक्टर(मार्केटिंग), कोल इण्डिया लि0, कोल भवन, प्राइम सेस नं0 4 एम0ए0आर0 प्लाट नं0 ए0एफ0-।।।, एक्शन एरिया-1ए0, न्यू टाउन राजरहाट, कोलकाता-7001565
3- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 कोआपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड, 32स्टेशन रोड, लखनऊ।

आज्ञा से,

किशन सिंह अटोरिया
प्रमुख सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in